सांवरिया का रंग | By Shreya Koushik

सांवरिया का रंग जिसपे चढ़ जाता है
श्याम कृपा से वो तो हर पल मौज उड़ाता है

है ऐसा सांवरे का रंग जिसपे एक बार चढ़ जाए
ये इतना गहरा होता है उम्र भर ना उतर पाए
दीवानापन ऐसा हद से बढ़ जाता है
श्याम कृपा वो तो हर पल मौज उड़ाता है

बढ़ा कर प्रेम की डोरी खेल ऐसा रचाता है
बना के अपना प्रेमी ये उसे खाटू बुलाता है
जिसका चरण इसके दर पे पड़ जाता है
श्याम कृपा वो तो हर पल मौज उड़ाता है

है जीवन वो सफल जिसको मिला दरबार बाबा का
बड़े ही भाग्यशाली वो मिला जिसे प्यार बाबा का
कुंदन सा चमकता नग उसमे जड़ जाता है
श्याम कृपा वो तो हर पल मौज उड़ाता है
सांवरिया कर रंग ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-by-shreya-koushik/